भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2425
सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कुंभ हेतु संरचना बनाने के लिए योजना

2425. श्रीमती केशरी देवी पटेल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुंभ क्षेत्र के लिए संरचना निर्माण की कोई योजना है ताकि हर साल करोड़ों रुपए की बचत की जा सके क्योंकि धार्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण प्रयागराज जिले में महाकुंभ प्रत्येक 12 साल में और अर्धकुंभ प्रत्येक 6 साल में और कुंभ हर साल आयोजित किया जाता है और देश तथा विदेश से धार्मिक आस्था वाले करोड़ों लोग यहां आशीर्वाद लेने आते हैं;

(ख) क्या इसके लिए स्थानीय रूप से संरचना के निर्माण की कोई योजना है और यदि यह योजना रक्षा मंत्रालय के क्षेत्राधिकार में आती है तो इसे स्थानांतरित करने हेतु क्या योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): जी नहीं, महोदय। धार्मिक/तीर्थ स्थलों का विकास और रखरखाव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रशाद और स्वदेश दर्शन योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों को संबंधित राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों से प्राप्त अनुरोधों/प्रस्तावों के आधार पर ऐसे पूर्व-चिह्नित स्थानों पर धार्मिक/तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। वर्तमान में प्रयागराज में कुंभ क्षेत्र के लिए संरचनाओं के निर्माण संबंधी कार्य पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****